हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


## डिजिटल अरेस्ट : सीबीआई और क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर ब्लैकमेलिंग से साढ़े 12 लाख लेने वाला मेरठ से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

डिजिटल अरेस्ट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अहमद नगर मेरठ निवासी सुहैल को मेरठ से गिरफ्तार किया गया है। उसने एक अन्य आरोपी फतेहपुर निवासी शहबाज़ उर्फ मोहम्मद फैजल अहमद के साथ मिलकर सेक्टर-7 निवासी महिला शोभा झा को जान-माल और जांच का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट रखा। उनसे साढ़े 12 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी फर्जी कॉल सेंटर में आधुनिक मशीन (कॉल कन्वर्टर) के माध्यम से पहचान छुपाकर घटना को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पहले शहबाज पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस मास्टर माइंड सुहैल तक पहुंच गई।



दोनों ने महिला को सीबीआई और क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर ब्लैकमेल किया। उनसे करीब साढ़े 12 लाख रुपए ठग लिए। मामले को लेकर शोभा झा ने 8 जुलाई को भिलाईनगर थाने में शिकायत की थी। उन्होंने शिकायत में बताया था कि 1 जुलाई को अज्ञात नंबर से कॉल आया। आरोपियों ने अपने आप को सीबीआई और क्राईम कोलावा का अधिकारी बताया। उक्त सायबर ठग द्वारा प्रार्थिया को धमकी दी गई की आप किसी बड़े अपराध में संलिप्त हैं। आपके द्वारा मनी लॉनड्रिग कर पैसों की ठगी की गई है।

### सेक्टर-7 भिलाई निवासी महिला को जान-माल एवं जांच का भय दिखाकर की ठगी

### मोबाइल नंबर और बैंक खाते के जरिए पुलिस पहुंची आरोपी तक

पुलिस ने बताया कि अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की गई। महिला से पूछताछ पर पता चला कि करीब 5 दिनों तक आरोपियों ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट रखा। बार-बार जेल भेजने की धमकी दी गई, जिससे डरकर प्रार्थिया द्वारा अपने जमा पूंजी एवं अपने गहनों को मुथूट फायनेंस में गिरवी रखकर अपने पेंशन खाते में रकम एकत्र किया गया। आरोपियों द्वारा बताये गये बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से रुपए ट्रांसफर कराया गया। साथ ही उक्त ट्रांसफर रकम आवेदिका को जांच उपरांत वापस करने का झांसा भी दिया गया। घटना में उपयोग मोबाईल नंबर, बैंक खातों की जानकारी लेकर तकनीकी विश्लेषण किया गया। इसके बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई।

### पहचान छिपाने कॉल कन्वर्टर मशीन का उपयोग

पुलिस ने बताया कि आरोपी पहचान छिपाने के लिए कॉल कन्वर्टर मशीन का इस्तेमाल करते थे। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी शहबाज़ उर्फ मोहम्मद फैजल अहमद निवासी फतेहपुर से की गई पूछताछ पर इसका खुलासा हुआ। आधुनिक सॉफ्टवेयर की जानकारी लेकर तकनीकी जांच ली गई, जिसमें गिरफ्तार आरोपी फैजल का साथी सुहैल पिता इसलामुद्दीन निवासी मेरठ की भूमिका संदिग्ध पाई गई। साइबर टीम से प्राप्त इनपुट के आधार पर टीम गठित कर मेरठ से सुहैल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सुहैल द्वारा पूर्व में गिरफतार आरोपी मोह. फैजल के सहियोग से "कॉल कन्वर्टर मशीन" में लोकल सीम अरेंज कर उसे ठगी के उपयोग हेतु कॉल बेचने का काम किया था। आरोपियों द्वारा उक्त कृत्य के फलस्वरूप जो रकम यूएसडीटी के रूप में प्राप्त होती थी, उसे हवाला के माध्यम से इंडियन करेंसी में बदल कर लाभ अर्जित किया जाता था। मुख्य आरोपियों से माइक्रोसाक्ट टीम एप के माध्यम से सम्पर्क किया जाता था।
















# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...




































हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 15 अगस्त 2025



# ये देश है वीर जवानों का... गीत में भिलाई के कलाकार कंग ने किया था अभिनय

विमलशंकर झा ▶▶|भिलाई

ये बात है उस दौर की जब पूरा देश आजादी के जश्न में डूबा हुआ था। देश को आजाद हुए महज 10 साल गुजरे थे। उस समय देशभक्ति गीतों का दौर था। ऐसे में एक फिल्म आई नया दौर, जिसका गीत ये देश है वीर जवानों का... ने धूम मचा दी। इस फिल्म के इतिहास से भिलाई भी जुड़ा हुआ है। बीएसपी में सेवारत रहे एक अधिकारी और कलाकार की पूरी टीम ने इस गीत में अभिनय किया। ट्रेजडी किंक के नाम से जाने जाने वाले अपने जमाने के मशहूर फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार और संगम की जलपरी के रूप में चर्चित अभिनेत्री बैजयंतीमाला अभिनीत सुपरहिट फिल्म नया दौर अपनी दिलचस्प कहानी के साथ करवट बदलते भारत में मशीन और इंसान के संघर्ष को दिखाया गया था। चीन के हमारे देश पर थोपे गए युद्ध के माहौल में तो यह फिल्म अपने सुरीले नगमों को लेकर भी खासी चली थी। लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य होगा कि गांव में खलनायक जीवन की लारी (बस) और नायक तांगेवाले दिलीप कुमार के तांगे की शर्तीली रेस के दिलचस्प सीन वाली इस फिल्म का औद्योगिक तीर्थ भिलाई से भी गहरा रिश्ता रहा है। इस फिल्म के देशप्रेम के एक लोकप्रिय और सदाबहार गीत ये देश है वीर जवानों का ...में इस्पात नगरी के एक प्रसिद्ध लोक कलाकार और अधिकारी ने भी अपने सहकलाकारों के साथ

यादगार किरदार निभाया था। उन्हें कला में योगदान के लिए देश के दो प्रधानमंत्रियों से भी भी सम्मानित होने का गौरव हासिल है। पिछले सढ़सठ साल से यह देशभक्ति गीत देशवासियों में देशप्रेम का भाव जगा रहा है।

## देशभक्ति का जगाया था जज्बा, नया दौर के ये देश है वीर जवानों की गीत पर किया था भांगड़ा नृत्य





वर्षों बाद भी उनके परिजनों व कलाकारों के जेहन में इस गीत में अभिनय से जुड़ीं यादें तरोताजा हैं। कल जब पूरा शहर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा होगा तो अपने देशप्रेम के गीत और आकर्षक अभिनय से से देशवासियों के साथ शहर को लोगों में देशप्रेम का जज्बा जगाने वाले गुजिश्ता दौर के प्रसिद्ध भांगड़ा कलाकार और सुरेंद्र सिंह कंग कंग की सुनहरी यादें ही हमारे साथ होंगी। दस साल पूर्व चल बसे रंगकर्मी व लोक कलाकार व भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कर्मचारी स्व. कंग 1957 में प्रदर्शित फिल्म नया दौर फिल्म के अपने मोहक भांगड़ा नृत्य व फौजियों सहित कई स्टेज शो से वर्षों राष्ट्रीय पर्वों में धूम मचाते रहे। फिल्म में दिलीप कुमार व बैजयंती माला के साथ ये देश है वीर जवानों का ... गीत पर भांगड़ा डांस करने की कहानी इस देशभक्ति गीत की तरह खासी रोचक भी है। कलाकार स्व. एसके कंग के इंजीनियर पुत्र एचएस कंग बताते हैं कि पापा के जुनून ने उन्हें दिलीप कुमार जैसे कलाकार के साथ डांस करने का अवसर दिया बल्कि सुपरहिट गीत ये देश है वीर गीत से उन्हें देशप्रेम का भाव जगाने वाले किसी सांस्कृतिक दूत की तरह ख्याति मिल गई थी। बीएसपी में नौकरी के पूर्व पटियाला में पापा का अपना चर्चित भांगड़ा ग्रुप था। 1957 में बन रही नया दौर के लिए फिल्म निर्देशक बीआर चोपड़ा को एक भांगड़ा नृत्य के लिए कलाकारों की तलाश थी। जागते रहो फिल्म में भांगड़ा कर चुके कलाकार मनोहर दीपक के बीआर के आफर पर पापा एसके कंग ने नया दौर में न सिर्फ रफी के सुरीले गीत ये देश है वीर जवानों का... में दिलीप कुमार व बैजयंती के साथ मोहक नृत्य किया बल्कि इस यादगार डांस का सह निर्देशन भी किया था। नेहरु हाउस में 70 के दशक में आईं बैजयंती माला भी उनके साथ ये देश है गीत भांगड़ा पर थिरकी थीं। शाहिद आरिफ आर्केस्ट्रा के संचालक गायक शाहिद बताते हैं कि कंग साहब एक बड़े कलाकार थे। 2004 में नेहरु हाउस में देशभक्ति थीम पर हुए अपने कार्यक्रम में उनके शो के साथ उन्हें सम्मानित भी किया था।

### बुधनी में दस दिन हुई शूटिंग

फिल्म में भांगड़ा डांस में उनके सहकलाकार कृपाल सिंह, भगत सिंह,तेजा सिंह और आईपी शर्मा आदि ने भी नृत्याभिनय किया था। फिल्म के साथ यह देशभक्ति गीत इतना लोकप्रिय हुआ कि चीन व भारत के युद्ध के माहौल में स्टेज शो से फौजियों की हौसलाआफजाई हुई बल्कि उनके लोक कला में योगदान के लिए बाद में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एसके कंग को सम्मानित भी किया। माडर्न स्टूडियो मुंबई के अलावा बुधनी होशंगाबाद में इस नया दौर के इस डांस की हुई शूटिंग में दिलीप कुमार, बैजयंती माला,अजीत ने आदि बड़े कलाकारों ने भांगड़ा सीखने एसके कंग के साथ यादगार दस दिन बिताए थे। यहां फिल्म के जानी वाकर के मैं बंबई का बाबू गीत भी फिल्माया गया था, जिनके जोक से कभी रिटेक भी करना पड़ जाया करता था। यह भी भावभीना संयोग है कि स्व. कंग के पुत्र की ड्यूटी बुधनी के उसी स्थल के निकट ही है।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल छीनकर भागने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** मोबाइल छीनकर भागने वाले गौतम नगर सुपेला निवासी राजेश उर्फ राजा चक्रवर्ती को पुलिस ने पकड़ा। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि शरवर नामक युवक 13 अगस्त की शाम 7.15 बजे पेट्रोल लेने घड़ी चौक सुपेला से जा रहा था। तभी परीचित का फोन आने पर फोन निकाल कर बात कर रहा था। घटनास्थल पर ही पहले से घात लगाकर बैठा राजेश उर्फ राजा अपने मोटर साइकिल से आया। उसका मोबाईल छीनकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया। आरोपी की तलाश शुरू की गई। गुरुवार को मुखबिर से आरोपी के बारे में पता चला। उसे घेराबंदी कर चन्द्रा-मौर्या टाकीज के पास से पकड़ा गया। आरोपी से मोबाइल और घटना में इस्तेमाल में लाया गया मोटर साइकिल जब्त किया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### संधारण के लिए बंद रहेगा शहीद उद्यान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत सेक्टर 5 शहीद उद्यान निगम द्वारा संचालित उद्यान है। महापौर नीरज पाल के आदेशानुसार सेक्टर 5 शहीद उद्यान का संधारण कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। इस हेतु शहीद उद्यान को 16 अगस्त से 31 अगस्त तक बंद किया जा रहा है।

### संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने बीएसपी के अधिकारियों के साथ की बैठक, समस्याओं पर व्यापक चर्चा

# टाउनशिप में खाली पड़े आवासों का होगा सत्यापन, प्रमुख चौराहों पर लगेंगे सिग्नल, ओवर लोड वाहनों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई





बीएसपी को लेकर लगातार मिल रही शिकायत के बाद संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बीएसपी से जुड़े हर विषय को लेकर जानकारी ली गई। चर्चा के बाद राठौर ने कहा कि टाउनशिप के सभी आवासों का सत्यापन कराया जाए। लगातार आवासों में अतिक्रमण की शिकायत मिल रही है। इसे देखते हुए आयुक्त ने तत्काल इस कार्य को करने के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। इसके अलावा टाउनशिप के प्रमुख चौराहों रेल चौक और सेक्टर-05 में ट्रैफिक सिग्नल लगाने के लिए निर्देशित किया।

आयुक्त ने संयंत्र की सुरक्षा व्यवस्था, ओवर लोड भारी वाहनों की आवाजाही पर भी चिंता जताई। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि ऐसे सारे वाहनों पर कार्रवाई करे। बीएसपी सुरक्षा लिहाज से हर जरूरी जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। चर्चा के दौरान आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, सीआईएसएफ के उपमहानिरीक्षक, बीएसपी के अधिकारी सहित अन्य विभागीय प्रमुख मौजूद थे। राठौर ने कहा संयंत्र के भीतर संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं, जहां चोरी की संभावना अधिक होती है। इसके अतिरिक्त, लोडिंग क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए पर्याप्त रोशनी, सड़क व्यवस्था, और सीसीटीवी की स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में परिवहन वाहनों की ओवरलोडिंग पर उचित और सख्त कार्रवाई करने पर सहमति बनी।

### टाउनशिप में 30 हजार से ज्यादा आवास, 25 फीसदी में ही एम्प्लाई

जानकारी के मुताबिक टाउनशिप में करीब 30 हजार आवास हैं। इनमें 25 फीसदी में ही बीएसपी में सेवारत कर्मचारियों और अधिकारियों को आवंटित है। 30 प्रतिशत से ज्यादा शासन और प्रशासकीय महकमें के अधिकारियों को आवंटित है। 1 हजार से ज्यादा आवासों में अतिक्रमण है। बड़ी संख्या में आवास कंडम हो चुके हैं, जिनकी देखरेख तक नहीं हो पा रही। इसके अलावा टाउनशिप के कई सेक्टर ऐसे हैं, जहां कब्जा कर आवासों पर अज्ञात लोगों ने किराए पर उठा रखा है। इसे लेकर लगातार मिल रही शिकायत के बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच के निर्देश हुए है। सेक्टर-5, सेक्टर-4, सेक्टर-6, सेक्टर-2 सहित अन्य जगहों पर सबसे ज्यादा शिकायतें सामने आई है।

### सिविक सेंटर में पार्किंग स्थल के डेवलप करने के दिए गए निर्देश

संभाग आयुक्त ने टाउनशिप क्षेत्र के मुख्य चौक-चौराहों, जैसे रेल चौक और सेक्टर-05, में यातायात सिग्नल स्थापित करने की योजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई। दुर्ग शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर पर्याप्त रोशनी और सड़क मरम्मत की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। संभागायुक्त श्री राठौर ने बीएसपी क्षेत्र में खाली पड़े आवासों में रह रहे अवैध कब्जाधारियों के सत्यापन करने संबंधी निर्देश दिये। सिविक सेंटर में पार्किंग स्थल पर उचित लाइटिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी कहा। बैठक में बीएसपी क्षेत्र की कानून व्यवस्था और भूमि प्रबंधन पर भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

### श्रमिक संगठनों की शिकायतों को लेकर भी की गई समीक्षा

संभागायुक्त ने ठेकेदारों द्वारा दैनिक वेतन भोगी और संविदा कर्मचारियों की सही और पूर्ण जानकारी संधारित करने के संबंध में निर्देश दिए तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। संभागायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा, ताकि संयंत्र और टाउनशिप क्षेत्र में बेहतर सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था बनी रहे। बैठक में सभी जिम्मेदार विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। संभाग आयुक्त ने बीएसपी क्षेत्र की व्यवस्था सुधार की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

## टैक्स जमा करने उद्योगों को नोटिस

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम सीमा से निर्यात किये गये माल पर सीमाकर निर्धारण तथा संग्रहण नियम 1996 के नियम 4 एवं 7 सहपठित नगर पालिक अधिनियम 1956 के अन्तर्गत दो से तीन बार नोटिस जारी कर निर्यातकर जमा करने सूचित किया गया है। किंतु उद्यागो के वैध प्रतिनिधियों द्वारा टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। निगम ने कहा है कि अधिनियम के अन्तर्गत निर्यात कर टैक्स प्रावधानित है। इसे शासन अथवा न्यायालय द्वारा संशोधित या विलोपित नहीं किया गया है। निर्यातकर को जल्दी जमा नहीं करने पर अधिभार व जुर्माना की राशि भी ली जाएगी।

## आजादी के दिन हुई शुरुआत, आज भी मैत्री मैच खेलकर निभाई जा रही परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

देश की आजादी का दिन यानी 15 अगस्त 1947, इस दिन दुर्ग में मैत्री फुटबॉल मैच की शुरुआत हुई, जो आज भी अनवरत जारी है। लगभग 69 साल पहले शुरू हुई इस परंपरा का पालन आज भी किया जा रहा है। 15 अगस्त के दिन शाम 4 बजे प्रथम बटालियन में मैत्री फुटबॉल मैच खेला जाएगा। इस मैच में सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और शहर के प्रतिष्ठित नागरिकजन शिरकत करेंगे। आयोजकों ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को इस प्रकार के मैत्री मैच की शुरुआत की गई थी। उस परंपरा को कलेक्टर एकादश और नगरिक एकादश के खिलाड़ियों द्वारा निभाया जा रहा है। 69 वां फुटबॉल मैच खेला जाएगा, जिसमें जिलाधीश एकादश का नेतृत्व आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह करेंगे। नागरिक एकादश का नेतृत्व वरिष्ठ नागरिक डॉ. एआर सिद्धिकी एवं तरसेन सिंह ढिल्लो करेंगे। यह आयोजन 1947 से लगातार जारी है, जो भारत वर्ष के दुर्ग जिले को यह गौरव प्राप्त है। अधिवक्ता अमर चोपड़ा सचिव के रूप में मौजूद रहेंगे। सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, रिकेश सेन सहित अन्य को भी इस मैत्री मैच के लिए आमंत्रित किया गया है।

### बटनचाकू दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने राधिका नगर में बटन चाकू दिखाकर लोगों को डराने और धमकाने वाले पांच रास्ता सुपेला निवासी उत्तम पिता राजेंद्र सोनी (26 वर्ष) को पकड़ा। उसके बाद से बटन चाकू जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि आरके मैदान राधिका नगर सुपेला में एक व्यक्ति अपने पास एक बटनदार धारदार लोहे का चाकू लेकर लोगो को डरा धमका रहा है।

## छत्तीसगढ़ देश में पहला ऐसा राज्य जहां उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग की होगी सुविधा




हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिला उपभोक्ता आयोग दुर्ग में ई-हियरिंग से प्रकरणों की सुनवाई शुरू हुई। अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने वर्चुअली इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी, राज्य उपभोक्ता आयोग सदस्य प्रमोद वर्मा, ज्वाइंट रजिस्ट्रार मोना चौहान, डाकेश्वर शर्मा, निरूपमा प्रधान एवं श्री अनिल अग्निहोत्री जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर, वर्चुअली उपस्थित थे। चौरड़िया ने कहा कि वर्चुअल सुनवाई के माध्यम से प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। इस डिजिटल पहल के तहत पक्षकार और अधिवक्ता घर बैठे ही मोबाईल, कम्प्यूटर के माध्यम से आयोग की सुनवाई में शामिल हो सकेंगे। ग्रामीण व दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए बेहद ही लाभदायक होगी। इससे समय, श्रम व संसाधनो तीनो की बचत होगी। कार्यक्रम में एक प्रकरण विक्रम लखोटिया मामले के पंजीयन की सुनवाई न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, सदस्य प्रमोद वर्मा, रजिस्ट्रार श्री श्रीनिवास तिवारी की वर्चुअल उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर अधीक्षिका सुनीता सुखदेवे, स्टेनोग्राफर शमशाद अहमद, नाजिर एनजी जोस सहित अन्य मौजूद थे। बताया गया कि छत्तीसगढ़ भारत में पहला राज्य है, जहां ई-हियरिंग की सुविधा पूरी तरह लागू होने जा रही है।

### अब से ई-हियरिंग से मामलों की होगी सुनवाई

न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरडि़या ने आगे बताया कि ई- फायलिंग पहले से ही प्रदेश के सभी जिला आयोग में उपलब्ध है। अब ई -हियरिंग जुड़ने से छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा, जहां सभी जिला उपभोक्ता आयोग में डिजिटल सुनवाई की सुविधा शुरू हो जाएगी। दुर्ग 16 वां जिला उपभोक्ता आयोग है, जहां अब ई -हियरिंग से मामलो की सुनवाई की सुविधा उपलब्ध है। न्यायमूर्ति चौरड़िया ने कहा कि उक्त कार्य के लिए राज्य शासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की वे ई-हियरिंग की जानकारी व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करें।

### वर्चुअल सुनवाई से होने वाले फायदों को बताया

जिला आयोग अध्यक्ष संतोष कुमार ने वर्चुअल सुनवाई की महत्ता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य आयोग के निर्देशानुसार दुर्ग में ई-फायलिंग से प्रकरणों की प्रस्तुति हो रही है। ई-हियरिंग से सुनवाई का निर्णय भविष्य में एक युगातंकारी कदम सिद्ध होगा। इस डिजिटलाईजेशन कुशल पारदर्शी अधिक समावेशी न्याय प्रणाली को आगे बढ़ाएगा।औद्योगिक क्षेत्र जहां इस वर्चुअल हियरिंग का लाभ उपभोक्ताओ को निश्चित ही प्राप्त होगा।

### नगर निगम भिलाई ने की पहल, लाटरी सिस्टम से विजेताओं की होगी घोषणा

# बेहतर सफाई वाले वार्ड, स्कूल, कॉलेज आज होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भिलाई निगम स्वच्छता के क्षेत्र में अवार्ड देने जा रहा है। रिवाल्विंग अवार्ड बेस्ट वार्ड, बेस्ट कॉलेज और बेस्ट स्कूल को दिया जाएगा। महापौर नीरज पाल और आयुक्त राजीव पांडेय द्वारा नवाचार करते हुए विशेष पहल की गई है। शहर के स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ कॉलेज एवं स्कूल का प्रति दो माह में चयन कर रिवाल्विंग अवार्ड दिया जाएगा। रिवाल्विंग अवार्ड की चयन की प्रक्रिया में स्वच्छता का हर एक पहलू को ध्यान दिया गया है। स्वच्छता एवं जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, सभी विभिन्न पहलुओं में अलग-अलग पूर्णांक निर्धारित है। वार्ड स्कूल एवं महाविद्यालयों के स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष एजेंसी द्वारा मूल्यांकन करते हुए प्राप्तांक दिया गया है।स्वच्छतम वार्ड, स्कूल एवं कॉलेज को प्रथम, द्वितीय और तृतीय रिवाल्विंग अवार्ड महापौर के हाथों 15 अगस्त को दिया जाएगा।



### इस तरह किया गया है चयन

#### बेस्ट वार्ड

शहर के बेस्ट वार्ड के लिए 13 बिंदुओं पर पड़ताल की गई और ज्यूरी टीम ने निर्धारित अंकों के हिसाब से मौके की स्थिति का अवलोकन कर अंक दिए। मसलन वार्ड में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी वार्ड के रेंडम 10 घरों का निरीक्षण कर ली गई। प्रत्येक घर से कचरा पृथक्करण पर अंक मिले। वार्ड के आवासीय, सार्वजनिक व पर्यटन स्थलों व सड़कों की सफाई देखी। नाली की नियमित सफाई और उसमें सिल्ट की स्थिति जांची। बैकलेन सफाई, जीवीपी प्वाइंट, शौचालय, पार्क स्वच्छता, निदान 100 में शिकायतों का निपटान, स्वास्थ्य जांच शिविर, सामुदायिक भागीदारी, पेयजल लाइन और मुख्य मार्ग का पेंच रिपेयरिंग पर अंक दिए गए।

#### बेस्ट विद्यालय

बेस्ट विद्यालय अवार्ड में निजी और सरकारी दोनों स्कूलों को शामिल किया गया है। स्कूल को तीन भागों में बांटकर मूल्यांकन किया गया है। स्कूल परिसर की बाउंड्रीवाल की स्थिति, प्रवेश व निकास द्वारा है कि नहीं, कॉरिडोर, कूड़ेदान की व्यवस्था, कचरा संग्रहण की व्यवस्था, सफाई उपकरण, टायलेट, वॉशबेसिन की स्थिति आदि का मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों के लिए प्रसाधन की व्यवस्था में दिव्यांग , छात्र व छात्राओं के हिसाब से उपलब्धता आदि पर अंक निर्धारण हुआ। शुद्ध पेयजल , उद्यान और स्वच्छता कमेटी का गठन आदि का आंकलन किया गया। सेवा व रखरखाव और सदस्यों की प्रतिक्रिया भी ली गई।

### बेस्ट कॉलेज को भी मिलेगा इस बार पुरस्कार

बेस्ट कॉलेज अवार्ड में निजी व सरकारी कॉलेज को शामिल किया गया है। कॉलेज में स्कूलों की भांति मूल्यांकन के बिंदु निर्धारित किए गए है। कॉलेज में शुद्ध पेयजल के स्रोत क्या है और उसकी स्थिति कैसी है। विद्यालय परिसर की नियमित सफाई होती है या नहीं। प्रसाधनों की सफाई, यहां पानी की व्यवस्था, वाटर कूलर की सफाई, पानी टैंक की सफाई, कूड़ेदान से कचरे की सफाई, गीले कचरे का निपटान कैसे करते हैं इन सभी पहलूओं का आंकलन टीम ने किया है। खेल परिसर, कैंटीन, लैब की सफाई नियमित होती है या साप्ताहिक इस पर भी अंक रखे गए हैं। कॉलेज के छात्रों , प्राध्यापकों और वहां आने वाले पालकों से भी बातचीत कर मूल्यांकन किया गया।

### हर वार्ड में घूमेगा अवार्ड

रिवाल्विंग अवार्ड से स्वच्छता के प्रति जागरूकता आएगी। यह पहला अवार्ड होगा। इससे वार्डों, स्कूलों और कॉलेजों में प्रतिस्पर्धा की भावना आएगी और अपने वार्ड को बेहतर करने के लिए वार्ड पार्षद के साथ ही वहां की जनता अपनी भागीदारी निभाएगी। यह निरंतर चलता रहेगा। - **नीरज पाल,** महापौर भिलाई निगम

## ध्वजारोहण का कार्यक्रम बटालियन में प्रगति भवन में ओए फहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ट्विनसिटी में देश की आजादी की 79 वीं वर्षगांठ धूमधाम से आज मनाई जा रही है। जगह जगह ध्वजारोहण के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर दुर्ग में प्रथम बटालियन में आयोजित स्वतंत्रता दिवस पर समारोह में केबिनेट मंत्री ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। कलेक्टोरेट, जिला पंचायत सहित विभिन्न स्थानों पर झंडोदोलन होगा। भिलाई में इस्पात भवन मेन गेट मैदान में डायरेक्टर प्रभारी झंडा फहराने के साथ परेड की सलामी लेंगे। आफिसर्स एसोसिएशन, द्वारा माइंस ग्रेस्ट हाऊस 10/32 बंगला में 10 बजे, स्वामी विवेकानंद सेवा केन्द्र, सेक्टर-10 में सुबह 10.30 बजे व प्रगति भवन सिविक सेंटर व 11.00 बजे ध्वजारोहण अध्यक्ष एनके बंछोर करेंगे। प्रगति भवन में श्री एमएम आर्केस्ट्रा देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम देगा। बटालियन में होने वाले कार्यक्रम में सभी प्रमुख सरकारी विभागों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इस अवसर पर स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। ध्वजारोहण जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन करेंगे। इसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय में जिलाधीश अभिजीत सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## ब्रह्माकुमारीज ने नशा मुक्त रहने दिलाई शपथ, चलाया अभियान




**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा गुरुवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान नगर के विभिन्न स्कूलों झाड़ू राम देवांगन मल्टीपरपज विद्यालय दुर्ग, मारवाड़ी स्कूल दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा, दाऊ ररू प्रसाद उच्चतर माध्यमिक माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, तिलक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, सरस्वती शिशु विद्यालय सुभाष नगर दुर्ग, महावीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग एवं वी.आर.टी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा, ब्रह्माकुमारी भुवनेश्वरी, ब्रह्मकुमारीज के अनेक भाई -बहनें सभी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं इस अभियान में सम्मिलित हुए। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान संपूर्ण भारत में चलाया जा रहा है। इस अभियान के लिए भारत सरकार और ब्रह्माकुमारी संस्था के साथ एम. ओ. यू. भी साइन हुआ है। 13 अगस्त को इस अभियान के पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान को संपूर्ण भारत में तीन करोड़ लोगों से नशा मुक्त रहने का शपथ दिलाने का लक्ष्य मिला हुआ था। जिसके लिए यह आयोजन कर सभी को नशा मुक्त रहने का संकल्प दिलाया गया। इस अभियान के तहत 2850 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशा मुक्त रहने के लिए प्रतिज्ञा ली।



सिटी इवेंट

## कोसा सिल्क और कॉटन हैंडलूम की शान, राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 19 तक



**दुर्ग।** ग्रामोद्योग विभाग द्वारा अग्रसेन भवन स्टेशन रोड दुर्ग में कोसा और कॉटन हथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। 19 अगस्त तक चलने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने फीता काट कर किया। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य के कुशल बुनकरों द्वारा भारत सरकार के सिल्क बोर्ड से प्रमाणित विश्व प्रसिद्ध कोसा सिल्क और हैंडलूम मार्का के कॉटन वस्त्र प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इन वस्त्रों में फैब इंडिया के लिए वस्त्र निर्माण करने वाले तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बुनकरों की विशेष कृतियां भी शामिल हैं।आयोजन केवल प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां सीधे विक्रय की भी सुविधा उपलब्ध है, जिससे आगंतुक उच्च गुणवत्ता के पारंपरिक वस्त्र सीधे निर्माताओं से खरीद सकते हैं।

- राज्य के विभिन्न 25 बुनकर संस्थाएं ले रही है भाग
- स्थानीय शिल्पकारों को प्रोत्साहित करें

उद्घाटन अवसर पर महापौर ने कहा कि कोसा और कॉटन हथकरघा हमारे राज्य की सांस्कृतिक धरोहर हैं। बुनकरों की मेहनत और कौशल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के लिए ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका है। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्थानीय शिल्पकारों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल पारंपरिक हस्तशिल्प को संरक्षित करने का माध्यम है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाती है। यहां आने वाले लोग छत्तीसगढ़ की असली पहचान कोसा और कॉटन में महसूस कर सकते हैं। उन्होंने बुनकरों की प्रतिभा को सलाम करते हुए उन्हें नगर निगम की ओर से हर संभव सहयोग करने की बातें कही। यह आयोजन बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का मंच प्रदान करेगा, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी और उनके कार्य को व्यापक पहचान मिलेगी।



● घर-घर पूजे गए भगवान शिव, गणेश और मनी बलभद्र की जयंती, बिना हल चले चीजों का किया उपयोग

# कमरछठ पर सगरी पूजा कर सुनी कथा, पीठ पर पीली पोती मारकर संतान की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना

**भिलाई।** भादो माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के अवसर पर भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलभद्र का जन्म जयंती उत्सव और प्रदेश का पारंपरिक त्योहार कमरछठ गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर माताओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए दिनभर उपवास रखा। शाम को लाई, पसहर, महुआ, दूध-दही आदि का भोग लगाकर सगरी की पूजा की गई। मोहल्लों और मंदिरों में मां हलषष्ठी की कथा पढ़ी और सुनी गई। शाम को सूर्य डूबने के बाद वे पसहर चावल और भाजी व दही खाकर अपना व्रत तोड़ा। पूजा से लौटने के बाद माताओं ने अपने बच्चों के पीठ पर छह बार पीली पोती मारकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।शहर के लगभग सभी मोहल्लों में इस मौके पर सगरी पूजा का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ की कई सालों पुरानी इस परंपरा को लेकर पूरे दिन अलग-अलग जगहों पर पूजा-अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए। यादवों ने भी इसे उत्सव की तरह मनाया।



### महुए की डाली से किया दातून

दीक्षित नगर मंदिर के पुजारी पं. रवि मिश्रा ने कहा कि बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा किया जाने वाला उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ी और महाराष्ट्र संस्कृति यह ऐसा पर्व है जिसे हर जाति और वर्ग के लोग मनाते हैं। हलषष्ठी हलछठ, कमरछठ या खमरछठ नाम से भी जानी जाती है। गुरुवार को इस पर्व पर माताओं ने सुबह से महुआ पेड़ की डाली का दातून कर, स्नान कर व्रत धारण किया। दोपहर बाद घर के आंगन और मंदिरों में सगरी बनाई गई। इसमें पानी भरा गया। मान्यता है कि पानी जीवन का प्रतीक है। बेर, पलाश, गूलर आदि पेड़ों की टहनियों और काशी के फूलों से सगरी की सजावट की गई। इसके सामने गौरी-गणेश, मिट्टी से बनी हलषष्ठी माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना कर पूजा की गई। साड़ी समेत सुहाग के दूसरी चीजें भी माता को समर्पित की गई। इसके बाद हलषष्ठी माता की 6 कथाएं पढ़ी और सुनाई गईं।



### सेक्टर-6 के शनि मंदिर में विधि-विधान से पूजा

इस वर्ष भी सेक्टर 6, सड़क 17 के मैदान में कमरछठ की पूजा आचार्य रविशंकर मिश्रा द्वारा विधिवत पूजन कराया और व्रत की कथा को विस्तार से बताया। स्थानीय निवासी छाया महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क 17 में आसपास की महिलाओं द्वारा इकट्ठे होकर यह पूजा करते आ रहे है। काफी मकान टूट गए है, पहले बहुत सी महिलाएं पूजा करने आती थी। सन 2000 से यहां पूजा की शुरूआत करने वाली उनकी सास स्वर्गवासी हो चुकी है फिर भी दूर-दूर से महिलाएं पूजा में जरुर उपस्थित होकर विधिवत पूजा-अर्चना करती है। अब उनकी बहू छाया इस परंपरा को निभा रही है।



### हलषष्ठी की कथा सुनी महिलाओं ने, मांगा संतान की दीर्घायु के लिए आशीर्वाद



**दुर्ग।** मिलपारा (डिपरा) वार्ड-38 दुर्ग में संकटहरणी दुर्गा मंदिर के पास बाबा देवता के चबूतरा में महिलाओं ने संतान की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना के साथ हलषष्ठी व्रत रखकर पूजा अर्चना की। हलषष्ठी की कथावाचक निधि पांडेय थी। इस अवसर पर सावित्री मिश्रा, ज्योति मिश्रा, श्रुति पांडेय, ज्योति गुप्ता, शालनी गुप्ता, राखी गुप्ता, लक्ष्मी, अमृत, नीता, सरिता, रेखा उपस्थित थीं।

### संतानों की लंबी उम्र की कामना की

कमर छठ पूजा करते हुए गांव की महिलाओं ने अपने पुत्र की लंबी उम्र की कामना करते हुए उपवास रहकर पसहर चावल, छह प्रकार की भाजी एवं लाई, चना, महुआ, हर्रा, बहेरा का प्रसाद वितरण किया। जमीन में सगरी खोदकर उसमें काशी फूल, खमार पत्ती, टेसू पत्ती, बेर पत्ती और अन्य प्रकार के फूल लगाए गए। शिवजी, कार्तिकेय, गणेश, माता जगदंबा की पूजा की गई।

### दिनभर व्रतकर शाम को पसहर चावल और 6 भाजी की सब्जी बनाकर किया ग्रहण






### यह भी है मान्यता

भगवान कृष्ण के भ्राता हलदर यानी बलराम का गोकुल में जन्म हुआ। क्योंकि भगवान बलराम ने ही हल नामक यंत्र का निर्माण और उपयोग कृषि कार्य में पहली बार किया, इसलिए उनको हलदर कहा गया। इसीलिए उनकी जन्म तिथि को हलषष्ठी कहते हैं। हजार साल पहले कृषि कार्य के लिए खुदाई कुदाल और इसी तरह के यंत्रों से होता रहा। भगवान बलराम द्वापर युग के गदा युद्ध के अद्वितीय विशारद थे। उन्होंने ही दुर्योधन और भीम गदा युद्ध की शिक्षा दी। द्वारका विनाश के बाद बलराम यादवों को लेकर जंगल चले गए। जहां से यादवों ने पशुपालन के व्यवसाय को अपनाया। यहीं से यादव ठेठवार कहलाए। बलराम को महावीर संबोधित करते हैं। इनका झंडा खुर के आकार की लकड़ी का होता है, जिसमें बलराम अंकित होते हैं। इसे खुरहर कहते हैं। ठेठवारों का खुर चिन्ह और पूजनीय पताका है।

भारतीय स्वतंत्रता की वीरगाथा और विभाजन विभीषिका के दूसरे दिन दिखा उत्साह

# प्रदर्शनी में आजादी का जश्न मनाने रंगोली, क्विज ड्राइंग-पेंटिंग और भाषण स्पर्धा में दिखाई देशभक्ति

कार्नर न्यूज



भिलाई। स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों को नमन करने और विभाजन की त्रासदी को स्मरण करने के उद्देश्य से केंद्रीय संचार ब्यूरो, दुर्ग में जारी भारतीय स्वतंत्रता की वीरगाथा एवं विभाजन विभीषिका के तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन कला, रचनात्मकता और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस दिन रंगोली, क्विज, ड्राइंग-पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता सहित विविध गतिविधियों का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### भाषण प्रतियोगिता में जोश और जज़्बा

आजादी मेरा गर्व विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावशाली अंदाज़ में प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों में रिपु दमन मिश्रा, लालिमा साहू, तान्या मिश्रा, नूपुर वर्मा, सुरभि साहू, गायत्री यादव, प्रियंका यादव, चंचल साहू, तेजस्विनी यादव, सुधा सेन, मोनिशा कुर्रे, गणेश मरकाम, क्रीडान कुमार, चंदन देवांगन, रोहित श्रीवास्तव और हर्ष कुमार साहू शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने कहा कि सभी प्रतिभागियों में गहरी देशभक्ति और वक्तृत्व कौशल झलक रहा था। श्रेष्ठ पाँच प्रतिभागियों को समापन दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

### नेताओं के प्रेरक संदेश

सभा को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक सुदीप्तकर ने कहा, बलिदानियों के बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्रता दिवस मना पा रहे हैं। देश की अखंडता और विकास के लिए हमें निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय आर्य ने कहा कि बलिदानियों के जज्बे के आगे अंग्रेजों के जुल्म हार गए थे। आज हम उन वीर सपूतों को नमन करने और विभाजन की पीड़ा को महसूस करने के लिए एकत्र हुए हैं।

**विद्यालयों और महाविद्यालयों की उत्साहपूर्ण भागीदारी**

इस मौके पर इनवाइट गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल चरोदा, भारती विश्वविद्यालय भिलाई महिला विद्यालय, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, बर्ग गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, अपोलो कॉलेज, डीकेएलबीजीएचएस तिरगा सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के 250 से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्रदर्शनी में स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक प्रसंगों, विभाजन के दस्तावेज़ों और चित्रों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम श्रृंखला में विवेकानंद सभागार में साइबर सिक्योरिटी पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के महत्व, सावधानियों और डिजिटल साक्षरता के विषय में जागरूक किया जाएगा। साथ ही समापन अवसर पर सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता और आयोजन में के.एस. दीवान, सुतपा सहित अन्य सहयोगी लगे हुए है।

## सिटी इवेंट

### एससी और एसटी वर्ग की 80 होनहार छात्राओं को मिली प्रोत्साहन राशि



**भिलाई।** वैशाली नगर में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की 80 होनहार छात्राओं को प्रोत्साहित करने 3 और 5 हजार की धनराशि प्रदान की गई है। यह धनराशि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन दवरा प्रदान की गई है। केंद्र और राज्य सरकार एससी एसटी छात्राओं के लिए कई योजनाएं चलाती हैं, जिनमें छात्रवृत्ति, छात्रावास और अन्य शैक्षणिक सहायता शामिल है। इन योजनाओं से इन समुदाय की छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करना और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस दिशा में केनरा बैंक मैनेजमेंट ने सहयोग दिया और सीएसआर मद से 80 छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया है। विधायक ने चयनित छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करते हुए बताया कि शासकीय स्कूल में कक्षा पांचवीं से सातवीं तक पढ़ाई में बेहतर अंक लाने वालीं एससी एसटी छात्राओं को 3 हजार तथा कक्षा आठवीं से बारहवीं तक अच्छे नंबर से परीक्षा उत्तीर्ण करने वालीं छात्राओं को 5 हजार की धनराशि का चेक बांटा गया है।

## स्पोर्ट्स लाइव

### कराते में प्रदेश को 17 गोल्ड समेत 53 पदक, खिलाड़ियों ने लहराया परचम



**भिलाई।** दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 17 स्वर्ण, 14 रजत और 22 कांस्य सहित कुल 53 पदक जीते। इनमें दुर्ग–भिलाई के खिलाड़ियों की दमदार भूमिका रही। 8 से 10 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के 28 राज्यों के 2,655 खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 68 खिलाड़ी मैदान में उतरे, जिनमें से 30 प्रतिभागी दुर्ग–भिलाई क्षेत्र से थे। इन खिलाड़ियों के शहर लौटने पर रेलवे स्टेशन और खेल परिसर में माता–पिता और खेल प्रेमियों ने फूल–मालाओं और नारों के साथ भव्य स्वागत किया। छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डी. रमेश और कोच बी. अर्पण चक्रवर्ती तथा बी. कल्याण की मेहनत इस सफलता के पीछे रही। स्वागत समारोह में सभी विजेताओं को मेडल के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने कहा कि यह उपलब्धि लगातार अभ्यास, अनुशासन और कोच के मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं, अभिभावकों ने इसे पूरे शहर के लिए गौरव का क्षण बताया।

- दुर्ग पहुँचे कराते चैम्पियन, हुआ भव्य स्वागत

**दुर्ग–भिलाई के विजेता खिलाड़ी:** स्वर्ण पदक अक्षिता मिश्रा, बबलीन कौर, वामिका मल्होत्रा, त्रिशभ मल्होत्रा, संसाय कुमार, रजत पदक अंशदीप सिंह, हर्षिल केशकर, अंबर सिंह, आदित्य प्रसाद, नैतिक तमुरिया, काव्या साहू, कांस्य पदक श्रीसोनी, पीयूष यादव, हर्षित मिश्रा, आर्यन शर्मा, अवनी चंभारे, वेदिता यादव को मिला।

## सिटी लाइव

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों को एकेडमिक गतिविधियों में भाग लेने किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस इंडक्शन प्रोग्राम में बीसीए, बीएससी, बीए और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को महाविद्यालय से परिचय कराने और उनके पाठ्यक्रम के अनुरूप होने वाले विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महाविद्यालय के चेयरमैन राजन दुबे ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व विकास के लिए विद्यार्थियों को जानकारी भी दी गई। प्राचार्य डॉ के एन मिश्रा ने विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। संयुक्त संचालक डॉ. रजनी राय ने महाविद्यालय संसाधनों का समुचित उपयोग करने के साथ-साथ उनका संरक्षण करने की भी सलाह दी। उपप्राचार्य डॉ. रश्मि पाण्डेय ने नई शिक्षा नीति के तहत होने वाले सभी परीक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना देवांगन ने महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाले विभिन्न आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कैरियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट सेल और महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाले इनडोर और आउटडोर गेम्स के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। विद्यार्थियों को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की शासकीय व अशासकीय छात्रावृत्तियों और विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग सेल, सेक्सुएल हेरेसमेंट सेल तथा शिकायत निवारण सेल के बारे में भी जानकारी देते हुए उसका उपयोग करने को कहा गया।

## महात्मा गांधी कला मंदिर में 25 वां वसुंधरा सम्मान समारोह

# हिंदी पत्रकारिता का भविष्य यानी भारत संकट में, सोशल मीडिया का उपयोग है खतरनाक

**भिलाई।** विधानसभा अध्यक्ष डां. रमन सिंह ने कहा है कि देश में स्वतंत्रता और इसके बाद देश के विकास में पत्रकारिता की बड़ी भूमिका रही है। गांधी, तिलक आदि आदर्शो के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आलेख दिशा देते थे। लेकिन आज परिवर्तन के दौर में सोशल मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। एआई और सोशल मीडिया का युग बहुत खतरनाक है। इस दिशा में पत्रकारों को सकारात्मकता होने की जरुरत है।

डां, सिंह आज यहां महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित कीर्तिशेष देवीप्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित वसुंधरा पत्रिका द्वारा बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन व चर्तुभुज फाउंडेश के सहयोग से 25 वें वसुंधरा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। मंच पर मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पत्रकार राहुल देव और वरिष्ठ पत्रकार अभय कुमार दुबे सहित और पंथी गायक डां. आरएस बारले, पंडवानी गायिका गायिका ऊषा बाई बारले और अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा व वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन विशेष रुप से उपस्थित थे। इस वर्ष का वसुंधार सम्मान चिरपरिचित पत्रकार व लेखक राहुल देव लखनऊ को दिया गया। मुख्य अतिथि रमन सिंह ने अपने उदबोधन में मीडिया की विश्वसनीयत बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि पहले के लोग पत्रिकाओं की संपादकीय पढ़ा करते थे और पत्रकार भी लिखने के पहले लायब्रेरी में अध्ययन व मेहनत करते थे। लेकिन आज बैठे बैठे सिर्फ मोबाईल पर बटन दबाते हैं। कालेज के बच्चे अखबार व टीवी नहीं देखते उनका सारा जीवन यू ट्यूब पर गुजर रहा है। मीडिया की रफ्तार बहुत बढ़ गई है। सोशल मीडिया में अविश्वसनीय समाचार परोसे जा रहे हैं। पत्रकारों को पहले की प्रतिबद्ध और आज की पत्रकारिता का तुलनात्मक विश्लेषण कर भरोसे के साथ सकारात्मक होने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अनन्य पत्रकार देवीप्रसाद चौबे की स्मृति में 25 साल तक पत्रकारों को सम्मानित करने वाला यह अनूठा मंच है। इसमें उनके सुपुत्र प्रदीप चौबे व रवींद्र चौबे का बड़ा योगदान है।



### वरिष्ठ पत्रकार भी हुए सम्मानित





पूर्व में मुख्य अतिथि ने डां. सिंह ने प्रसिद्ध पत्रकार राहुल देव को शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया। स्व. देवी प्रसाद चौबे के पुत्र व पूर्व विधायक प्रदीप चौब व पूर्व केबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने भी राहुल देव का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। उन्हें सम्मान राशि रिकेश सेन ने प्रदान की और डां. रक्षा सिंह ने प्रशस्ति पत्र पढ़ा। मुख्य अतिथि ने इस सम्मान से पिछले वर्षों में सम्मानित होने वाले वरिष्ठ पत्रकार व निर्णायक समिति के अध्यक्ष दिवाकर मुक्तिबोध, श्याम वेताल,अभय किशोर व ईवी मुरली को भी सम्मानित किया। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव, ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, सचिव मुमताज व महासचिव परविंदर सिंह,सीमा श्रीवास्तव व श्रद्धा साहू ने किया। इस अवसर पर गंगाजलि शिक्षण समिति के अध्यक्ष आईपी मिश्रा, पूर्व मुख्य सचिव बीकेएस रे सहित,पूर्व मेयर नीता लोधी, साहित्यकार लोक बाबू व विजय वर्तमान आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

### अंग्रेजी के वर्चस्व से हिंदी का भविष्य संकट में

मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव ने हिंदी पत्रकारिता की नई पीढ़ी विषय पर कहा कि आज अंग्रेजी के वर्चस्व के कारण हिंदी पत्रकारिता का भविष्य संकट में है। और जब हिंदी पत्रकारिता संकट में है तो फिर भारत और भारतीयता का भी भविष्य संकट में है।

